बरेली, शुक्रवार
24 अप्रैल, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18+4=22

दैनिक जागरण

PAGE NO : I TOP

टूर्नामेंट : एसआरएमएस स्टेडियम में क्रिकेट टूर्नामेंट सुबह आठ बजे से।

टूर्नामेंट : एसआरएमएस स्टेडियम मे फुटबाल टूर्नामेंट सुबह आठ बजे से।

PAGE NO : II BOTTOM

सोबती पब्लिक स्कूल और बासुबरल की टीम सेमीफाइनल में

जागरण संवाददाता, बरेली: श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के नौवें दिन तीसरा और चौथा क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया। तीसरे क्वार्टर फाइनल मैच में सोबती पब्लिक स्कूल ने जमुना प्रसाद मेमोरियल (जेपीएम) स्कूल को 53 रन से पराजित कर सेमी फाइनल में प्रवेश किया। जबकि चौथे क्वार्टर फाइनल मैच में बासुबरल सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने बेदी इंटरनेशनल की टीम को 17 रन से हराकर सेमीफाइनल का टिकट हासिल किया।

एसआरएमएस स्टेडियम में 17वें और तीसरे क्वार्टर फाइनल में सोबती के कप्तान सृजन शर्मा ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम ने दो विकेट के नुकसान पर काजी हमजा 73, नैमिष पांडेय 23 रन, शोएब अली 25 रन के सहयोग से निर्धारित 20 ओवर में 160 रन बनाए। इसके जवाब में जेपीएम की टीम 17.5 ओवर में सिर्फ 107 रन बना सकी। नतीजा सोबती पब्लिक स्कूल ने 53 रन से जेपीएम को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जहां उसका मुकाबला एसआर की टीम से होगा। तीसरे क्वार्टर फाइनल मैच में 73 रन बनाने के साथ एक विकेट लेकर सोबती की जीत के नायक बने काजी हमजा अहमद को मैन आफ द मैच चुना गया।

एसआरएमएस स्टेडियम मे क्रिकेट खेलते हुए खिलाड़ी • सौ. आयोजक

अच्छी नहीं रही बेदी इंटरनेशनल की शुरुआत : टूर्नामेंट के 18वें और चौथे क्वार्टर फाइनल मैच में बासुबरल के कप्तान शिव प्रताप शुक्ला ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम ने 17.1 ओवर में सारे विकेट खोकर 117 रन बनाए। जीत के लिए 117 रन का पीछा उतरी बेदी इंटरनेशनल की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 100 रन ही बना सकी।

बासुबरल ने 16 रन से बेदी इंटरनेशनल को हराकर सेमी फाइनल में पहुंचने का गौरव हासिल किया। टीम के हारने के बाद भी विपरीत परिस्थितियों में भी 8 चौकों की मदद से 51 गेंदों पर 59 रन बनाने वाले बेदी इंटरनेशनल के विशाल को मैन आफ द मैच चुना गया।